aglasem.com

कक्षा ११ इतिहास नोट्स

समय की शुरूआत से



Key Notes and Important Questions with Answers

विषय - 1
समय की शुरूआत से

स्मरणीय तथ्य

1. 56 लाख वर्ष पहले पृथ्वी पर ऐसे प्राणियों का प्रादुर्भाव हुआ जिन्हें हम मानव कह सकते हैं।
2. आधुनिक मानव – 1,60,000 साल पहले पैदा हुआ।
3. आदिमानव के इतिहास की जानकारी के प्रमुख स्रोत – जीवाश्मों (Fossil), पत्थर के औजारों और गुफाओं की चित्रकारियों की खोजों से मिलती है।
4. जीवाश्म – पुराने पौधे जानवर के उन अवशेषों के लिए प्रयुक्त किया जाता है जो पत्थर के रूप में बदलकर किसी चट्टान में समा जाते हैं।
5. प्रजाति या स्पीशीज (Species) जीवों का एक ऐसा समूह होता है जिसके नर–मादा मिलकर बच्चे पैदा कर सकते हैं और उनके बच्चे भी आगे प्रजनन करने यानी संतान उत्पन्न करने में समर्थ होते हैं।
6. चार्ल्स डार्विन द्वारा लिखित पुस्तक ऑन दि ओरिजिन ऑफ स्पीशीज (on the origin of species) 24 नवम्बर सन् 1859 को प्रकाशित की जिनमें यह दलील दी गई मानव का विकास जानवरों से हुआ है। जानवरों से ही क्रमिक रूप से विकसित होकर अपने वर्तमान रूप में आया है।
7. होमो – लातिनी भाषा का शब्द है जिनका अर्थ है आदमी इसमें स्त्री पुरूष दोनों शामिल है।
8. होमो – वैज्ञानिकों ने इसे कई प्रजातियों में बाँटा है।
   क) होमो हैबिलिस – औजार निर्माता
   ख) होमो एरेक्टस – सीधे खड़े होकर पैरों के बल चलने वाले
   ग) होमो सैपियंस – चितनशील मनुष्य
9. आदिकालीन मानवच विभिन्न तरीकों से भोजन ग्रहण करता था।
   1) संग्रहण 2) शिकार 3) मछली पकड़ना 4) अपमार्जन
10. आल्टामीरा – यह गुफा स्पेन में है। इसकी छत पर चित्रकारियाँ बनी हुई है।
11. पुरातत्वविद् – यह वह वैज्ञानिक है जो मानव इतिहास का अध्ययन खुदाई से मिले अवशेषों के अध्ययन के द्वारा करता है।
12. होमोनिड् – होमिनिडेइ नामक परिवार के सदस्य होते है। जिसमें सभी रूपों के

मानव प्राणी शामिल होते हैं।

विशेषतायें – बड़ा मस्तिस्क
– सीधे खड़े होना
– दो पैरों से चलना

13. आधुनिक मानव के उद्‌भव के दो सिद्धांत –
    1) क्षेत्रीय निरंतरता मॉडल सिद्धांत – अनेक क्षेत्रों में अलग–अलग स्थानों पर मानव की उत्पत्ति हुई।
    2) प्रतिस्थापन का सिद्धांत – मानव का उद्‌भव अफ्रीका में हुआ तथा वहाँ से भिन्न–भिन्न इलाकों में फैले।
14. आस्ट्रेलोपिथिकस – लातिनी भाषा के शब्द 'आस्ट्रल' यानी 'दक्षिणी' और यूनानी भाषा के 'पिथिकस' यानी 'वानर' से मिलकर बना है। यह नाम इसलिए दिया क्योंकि मानव के आद्य रूप में उसकी एप (वानर) व्यवस्था के अनेक लक्षण बरकरार रहे।
15. हिम युग का प्रारम्भ – लगभग 25 लाख वर्ष पहले।
16. संचार व भाषा – आरंभ में होमिनिड भाषा में हाव–भाव या हाथों का हिलाना, गाने या गुनगुनाने जैसे मौखिक संचार का प्रयोग। मनुष्य की वाणी का प्रारंभ बुलाने की प्रक्रिया से हुआ, आरंभ में मानव ने बहुत ध्वनियों का प्रयोग किया, धीरे–धीरे ये ध्वनियाँ भाषा के रूप में विकसित हो गई होंगी।
17. औजारों का निर्माण–प्रारंभिक मानव ने औजारों का प्रथम बार निर्माण करके अपने संगठनात्मक कौशल तथा स्मरण शक्ति का परिचय दिया।
18. हादजा जन समूह – यह शिकारियों तथा संग्राहकों का एक छोटा समूह है।
19. शिकारी संग्राहक समाज – यह समाज शिकार करने के साथ–साथ आर्थिक क्रियाकलापों में लगे रहते थे, जैसे – जंगलों में पाई जाने वाली छोटी–छोटी चीजों का विनिमय और व्यापार करना इत्यादि।
20. हिमयुग का अंत – लगभग तेरह हजार साल पहले अंतिम हिमयुग का अंत होने से मानव में अनेक परिवर्तन आये जैसे – खेती करना, पशुपालन इत्यादि।

अति लघु प्रश्न (2 अंक वाले)

1. पृथ्वी पर मानव का विकास कब हुआ? वह किस रूप में सर्वप्रथम अस्तित्व में आया?
2. वे कौन–कौन से कारक हैं जो आदि मानव–इतिहास को जानने में सहायक है?
3. हादज़ा जनसमूह से क्या अभिप्राय है?

4. 'प्राइमेट' से क्या अभिप्राय है? इनकी विशेषलाओं का उल्लेख कीजिए।
5. 'ऑन दि आरिजन ऑफ स्पीशीज' पुस्तक किसके द्वारा प्रकाशित की गई व तथा इसमें क्या दलील दी गई थी?
6. 'जीवाश्म' से क्या तात्पर्य है?
7. आल्टामीरा गुफा स्थल कहाँ है? तथा इसकी एक विशेषता लिखिए।
8. अपमार्जन और संग्रहण में भिन्नता स्पष्ट कीजिए?
9. प्रजाति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
10. आदिकालीन मानव को भिन्न–भिन्न प्रजातियों में किस पर आधार बाँटा गया है?

लघु प्रश्न (4 अंक वाले)

11. होमिनिड् किस परिवार के सदस्य होते हैं? इनकी किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
12. आदिकालीन मानव किस प्रकार अपना भोजन जुटाते थे? विस्तार से लिखिए।
13. आग का नियन्त्रित उपयोग, किस प्रकार आदिमानव के लिए सहायक सिद्ध हुआ?
14. आदिकालीन मानव के सीधे खड़े होने से क्या–क्या लाभ हुए? स्पष्ट कीजिए।
15. 'होमो' शब्द का क्या अर्थ है? इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
16. आदिकालीन मानव में भाषा का विकास किस प्रकार हुआ? उच्चरित अर्थात् बोली जाने वाली भाषा की उत्पत्ति कब हुई?
17. होमोनिड और होमोनाइड़ में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
18. ''आस्ट्रोलोपिथिकस'' शब्द से क्या अभिप्राय है? इसकी किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
19. पहिए के आविष्कार ने आदिकालीन मानव के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया?
20. मनुष्य औजार निर्माण के लिए वानरों की अपेक्षा किस प्रकार अधिक विशेषताओं से सम्पन्न है? औजार निर्माण से मानव के जीवन में किस–किस प्रकार के परिवर्तन आए, वर्णन कीजिए।

दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)

21. हिम युग का अंत कब हुआ? उस समय खेती तथा पशुचारण से कौन से अन्य परिवर्तन प्रारंभ हुए? वर्णन कीजिए।

22. आदिकालीन मानव भोजन में कौन–कौन से खाद्य पदार्थ इस्तेमाल करता था तथा उन्हें किस प्रकार से प्राप्त करता था वर्णन कीजिए।

23. मानव जीवन के विकास के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए।

24. आदिमानव के जीवन में सम्प्रेषण और संचार के माध्यम के रूप में भाषा और कला के विकास का वर्णन कीजिए।

दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले) उत्तर

21.
- 13 हजार वर्ष पहले
- स्थायी तौर पर घरों का निर्माण
- नई किस्म के औजारों का प्रयोग
- मिट्टी के बर्तनों का बनाना (जिनमें अनाज तथा अन्य उपजों को रखा जा सके, हल जैसे अन्य उपकरण खेती के काम आने लगे और खाना पकाया जा सके)
- परिवहन के लिए पहिए का इस्तेमाल होने लगा।
- धीरे–धीरे लोहा, ताँबा और राँग जैसी धातुओं से परिचित हो गये।


22.
- बीज, गुठलियों, बेर, फल एवं कंदमूल
- चूहे, छछूंदर जैसे कृतकों, पक्षियों, सरीसृपों और यहाँ तक कि कीड़े मकोड़ों को खाते थे
- मछली खाना
- शिकार करके जानवरों को खाना

भोजन प्राप्त करने के तरीके

- संग्रहण
- शिकार
- अपमार्जन
- मछली पकड़ना

23. क) • आधुनिक मानव के पूर्वज
- होमिनिड्, होमिनाइड
- आस्ट्रेलोपिथिकस
- होमोसैपियंस
- होमो एरेक्टस

ख)



(दोनों का वर्णन)

24. • होमोनिड़ भाषा मे अंग–विक्षेप शामिल
- उच्चरित भाषा से पहले गुनगुनाने जैसे अशाब्दिक संचार
- प्रारंभिक अवस्था में कम ध्वनियों का प्रयोग
- धीरे–धीरे ध्वनि का भाषा के रूप में विकास
- सम्भवतः भाषा का विकास 20 लाख वर्ष पूर्व
- मानव मस्तिष्क मे परिवर्तन
- स्वर तन्त्र का विकास 200000 वर्ष पहले
- भाषा कला के साथ 40,000–35,000 वर्ष पहले विकसित
- लैस कॉक्स, शौवे और अल्यमीरा की गुफाओ में जानवरों की चित्र कारियाँ
- चित्रकारियाँ धार्मिक क्रियाओं, रस्मों, जादू–टोनो से जुड़ी थी
- चित्रकारियाँ आने वाली पीढ़ियों को तकनीकि जानकारी देने हेतु

(विद्यार्थियों के अपने विचार भी मान्य हैं)